# पुस्तकें क्रय करने हेतु प्रथम ई निविदा- वर्ष 2019

क्रमांक: 71 /भण्डार/2019 भोपाल, दिनांक: 05-09-19

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के केन्द्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय पुस्तकालयों के विभिन्न संकायों के अंतर्गत् प्रचलित पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों के लिए भारतीय प्रकाशन, विदेशीय प्रकाशन, विभिनन संस्थागत/सोसाइटी/एन.जी.ओं. प्रकाशन आदि की पाठ्यपुस्तकों/शोध गन्थों / संदर्भ ग्रन्थों / पाठ्य-सामग्री / नियम पुस्तकें आदि के लिए यू.जी.सी., रुसा, विश्व बैंक, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय बजट, विश्वविद्यालय के केन्द्रीय बजट एवं अन्य उपलब्ध बजट आदि से वित्त वर्ष 2019-20 एवं आगामी वित्तीय वर्षों के लिए क्रय किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त क्रय में विक्रेता द्वारा निविदा में दी जाने वाली छूट दर (डिस्काउन्ट रेट) के आधार पर खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 3000-00 (रूपये तीन हजार मात्र) है। जो वापसी योग्य नहीं होगा। निविदा प्रतिभूति राशि रूपये:1,60,000-00 है। निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये:80,00,000-00 हैं। इन्हे आन लाईन जमा किया जाना है।

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नांकित है:-

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 05-09-19 4PM | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Dpwnpad / Sale Start Date | 5-9-19 4-10PM | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 5-9-19 4-20PM | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 26-9-19 3PM | |
| 05 | Bid Submission End Date | 26-9-19 2PM | |
| 06 | Bid Opening Date | 27-9-19 3-30PM | |

निविदा संबंधी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है (कुलसचिव द्वारा अनुमोदित)

सहायक कुलसचिव (भण्डार)

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# पुस्तकें क्रय करने हेतु प्रथम ई निविदा- वर्ष 2019

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के केंद्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय पुस्तकालयों के विभिन्न संकायों के अंतर्गत् प्रचलित पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों के लिए भारतीय प्रकाशन, विदेशीय प्रकाशन, विभिनन संस्थागत/सोसाइटी/एन.जी.ओं. प्रकाशन आदि की पाठ्यपुस्तकों/शोध ग्रन्थों / संदर्भ ग्रन्थों / पाठ्य-सामग्री / नियम पुस्तकें आदि के लिए यू.जी.सी., रूसा, विश्व बैंक, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय बजट, विश्वविद्यालय के केन्द्रीय बजट एवं अन्य उपलब्ध बजट आदि से वित्त वर्ष 2019-20 एवं आगामी वित्तीय वर्षो के लिए क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इस क्रय में बिडर द्वारा निविदा में दी जाने वाली छूट दर (डिस्काउन्ट रेट) के आधार पर खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है।

1.3 पुस्तकें क्रय की निविदा को वेब-साईट https://mptenders.gov.in पर आन-लाइन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब-साइट पर दी जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 3000-00 (रुपये तीन हजार मात्र) हैं। जो वापसी योग्य नहीं होगा। निविदा प्रतिभूति राशि रुपयेः 1,60,000-00 है। निविदा का अनुमानित मूल्य रुपयेः 80,00,000-00 है। इन्हे आन लाईन जमा किया जाना है।

1.4 निविदा आन-लाइन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः-

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 5-9-19 4PM | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 5-9-19 4-10 PM | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 5-9-19 4-20 PM | |
| 04 | Document Download / Sale End Date | 26-9-19 3PM | |
| 05 | Bid Submission End Date | 26-9-19 3PM | |
| 06 | Bid Opening Date | 27-9-19 3-30 PM | |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3-30 बजे खोली जावेगी।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

1.6 **प्रक्रिया–1**: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 3,000=00 हैं। सुरक्षा निधि रूपये 1,60,000-00 हैं। इन्हें आन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।

उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया-2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.7 **प्रक्रिया–2** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनिकी निविदा देखी जावेगी। तकनिकी निविदा के भाग-2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.8 **प्रक्रिया–3** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को आन लाइन प्रस्तुत किया जाना हैं।

BARKATULLAH VISHWAVIDYALA BHOPAL

प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता को पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) में किसी भी केन्द्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तके प्रदाय का अनुभव होना चाहिए। उक्त वित्तीय वर्ष में एकल आदेश के अंतर्गत् कम से कम रूपये अस्सी लाख मूल्य की पुस्तकों को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो। उक्त वित्तीय वर्षो के एकल आदेश की सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र एवं आदेश की प्रति संलग्न करें।

2.2 निविदार्ता का टर्न ओवर पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2017-18, 2016-17, 2015-16) में कम से कम रूपये 2.50 करोड़ प्रतिवर्ष रहा हो। इसकी चार्टर्ड अकान्टेन्ट द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं आडिटेट बैलेन्सशीट एवं व्यापार तथा लाभ हानि खातें के सहित संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्ता गुड ऑफिस कमेटी (GOC) द्वारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन का सदस्य हो। इसके प्रमाण की छायाप्रति संलग्न करें।

2.4 निविदाकर्ता ने किसी भी तीन केन्द्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति की हो इसका प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र रूपये 100-00 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कर निविदा के साथ छाया प्रति प्रस्तुत की जावे।

2.6 आयकर के पिछले तीन असेसन्मेट वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) ITR का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.7 निविदाकर्ता के आयकर (PANCARD) की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करें।

2.8 निविदाकर्ता का पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय/शोरूम हो । इस हेतु वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.9 विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के संबंध में कन्वर्शन रेट गुड ऑफिस कमेटी (GOC) के अनुसार आदेश प्रसारित होने के दिन पर निर्धारित दर को लागू माना जाएगा।

2.10 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न समस्त प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर कर स्केन कर निविदा के साथ प्रस्तुत करें।

2.11 वर्ष 2019 के उपरान्त उपरोक्त निविदा आपसी सहमति से 1-1 वर्ष के लिए आगामी 3 वर्षो तक निरन्तर की जा सकती है। इस अवधि में पुस्तकों की मूल्यवृद्धि मान्य नहीं की जावेगी।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।

| सं.क्रं. | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा फार्म राशि रूपये 3,000-00 की जमा की रसीद |
| 02 | सुरक्षा निधि राशि रूपये 1,60,000-00 जमा की रसीद |
| 03 | निविदाकर्ता को पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) में किसी भी केन्द्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तके प्रदाय का अनुभव होना चाहिए। उक्त वित्तीय वर्ष में एकल आदेश के अंतर्गत् कम से कम रूपये अस्सी लाख मूल्य की पुस्तकों को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो। उक्त वित्तीय वर्षो के एकल आदेश की सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र एवं आदेश की प्रति संलग्न करें। |
| 04 | निविदार्ता का टर्न ओवर पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2017-18, 2016-17, 2015-16) में कम से कम रूपये 2.50 करोड़ प्रतिवर्ष रहा हो। इसकी चार्टर्ड अकान्टेन्ट द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं आडिडेट बैलेन्सशीट एवं व्यापार तथा लाभ हानि खाते के सहित संलग्न करें। |
| 05 | निविदाकर्ता गुड ऑफिस कमेटी (GOC) द्वारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन का सदस्य हो। इसके प्रमाण की छायाप्रति संलग्न करें। |
| 06 | निविदाकर्ता ने किसी भी तीन केन्द्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की सन्तुष्टिपूर्ण आपूर्ति की हो इसका प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 07 | निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र रूपये 100-00 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कर निविदा के साथ छाया प्रति प्रस्तुत की जावे। |
| 08 | आयकर के पिछले तीन असेसमेंट वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) ITR का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 09 | निविदाकर्ता के आयकर (PANCARD) की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करें। |
| 10 | निविदाकर्ता का पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय/शोरूम हो । इस हेतु वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 11 | निविदा प्रपत्र ए-3 संलग्न करें। |

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 निविदाकर्ता को नवीनतम संस्करण की पुस्तकें क्रयादेश के साथ संलग्न सूचियों के अनुसार तथा निर्धारित वित्तीय सीमा में विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय पुस्तकालयों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों जहाँ का आदेश प्रसारित किया गया हो, में सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से प्रदान करनी होगी। फटी हुई, क्षतिग्रस्त पुस्तकें स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदाकर्ता द्वारा प्रदान की गयी पुस्तकें यदि नवीन संस्करण की नहीं पायी जाती हैं या फोटोकापीड पुस्तकें पायी जाती है या उनमें किसी भी प्रकार का कोई कॉपी राइट का या अन्य उल्लंघन पाया जाता है जो भविष्य में भी उजागर होता है तो इसकी पूर्ण जवाबदारी निविदाकर्ता की होगी।

3.2 मार्ग में हुई किसी भी प्रकार की हानि, चोरी, आगजनी, दुर्घटना, प्राकृतिक/आकस्मिक आपदा के कारण या अन्य किसी भी प्रकार से हुई क्षति के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

3.3 निविदाकर्ता पुस्तकों के प्रदाय का परिवहन भाड़ा, ढुलाई व्यय, सुपुर्दगी व्यय या अन्य समस्त व्यय का वहन करेंगें। "टू पे" या "वी.पी.पी." बिल्टी द्वारा प्रदाय मान्य नहीं होगा।

3.4 निविदाकर्ता पुस्तकें प्रदान करने से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रदान करेंगे जिससे पुस्तकों को रखने की व्यवस्था पूर्व से ही की जा सके।

3.5 निविदाकर्ता जो पुस्तकें प्रदान करेंगे उस की एक्सेल में पूर्ण सूची विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में पूर्व से ही प्रदान करेगें एवं उनके द्वारा प्रस्तुत बिल, संलग्नक आदि की स्कैन कापी पी.डी.एफ. फारमेट में विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध करवाऐंगें।

3.6 अधिकतम छूट (डिस्काउन्ट दर) के आधार पर निविदा की अन्य शर्तों को पूर्ण करने वाले निविदाकर्ता को रूपये 1000-00 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कर विधिवत अनुबंध पत्र संपादित करना होगा।

3.7 विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश आवश्यकतानुसार एक मुश्त या पृथक-पृथक दिये जा सकेगें।

3.8 यदि एक ही डिस्काउन्ट रेट पर एक से अधिक निविदाकर्ता सफल होते है तो समस्त सफल निविदाकर्ताओं को विश्वविद्यालय क्रयादेश दे सकेगा। किस निविदाकर्ता को कितना क्रय आदेश देना है यह पूर्णतः बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर पर सुरक्षित रहेगा। यह भी संभव है कि सफल निविदाकर्ता को कोई भी क्रय आदेश न मिले।

3.9 निविदाकर्ता यदि आदेश में दी गयी अवधि में पुस्तकें / संदर्भ ग्रंथ आदि प्रदाय नहीं कर पाता है तो विश्वविद्यालय उसे आगामी सत्रों के लिए ब्लेक लिस्ट करते हुए उसी सुरक्षा निधि राशि जब्त करेगा।

3.10 निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय पुस्तकें सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।



अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.11 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि लौटा दी जायेगी।

3.12 स्वीकृत / अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

3.13 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.14 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नही दी जावेगी।

3.15 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.16 निविदा विषयक विवाद में अन्तिम निर्णय कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

3.17 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

3.18 निविदाकर्ता निविदा की समस्त शर्तो का पालन करने के लिए बाध्य एवं उत्तरदायी रहेगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

भाग – 4
पुस्तकों के प्रकार

पुस्तकों/शोध/संदर्भ ग्रन्थ आदि

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4.1 | भारतीय प्रकाशन | | | |
| | 4.11 | पेपर बाउंड | 4.111 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी Science & Technology |
| | | | 4.112 | कानून Law |
| | | | 4.113 | प्रबन्धन, वाणिज्य Management, Commerce |
| | | | 4.114 | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other |
| | 4.12 | हार्ड बाउंड | 4.121 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी Science & Technology |
| | | | 4.122 | कानून Law |
| | | | 4.123 | प्रबन्धन, वाणिज्य Management, Commerce |
| | | | 4.124 | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other |
| 4.2 | विदेशी प्रकाशन | | | |
| | 4.21 | पेपर बाउंड | 4.211 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी Science & Technology |
| | | | 4.212 | कानून Law |
| | | | 4.213 | प्रबन्धन, वाणिज्य Management, Commerce |
| | | | 4.214 | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other |
| | 4.22 | हार्ड बाउंड | 4.221 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी Science & Technology |
| | | | 4.222 | कानून Law |
| | | | 4.223 | प्रबन्धन, वाणिज्य Management, Commerce |
| | | | 4.224 | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other |
| 4.3 | शासकीय / सोसाइटी / इन्स्टीट्यूशनल / एन.जी.ओ. आदि पब्लिकेशन | | | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## प्रपत्र ए–3
## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2019 संस्था की जानकारी बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0 क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | मोबाईल नम्बर एवं लेन्डलाईन नम्बर | |
| 06 | ई–मेल | |

### प्रमाण–पत्र

मैं / हम निविदाकर्ता ने उक्त निविदा की भाग 1,2,3,4 में दी समस्त शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ और समझ लिया है और मुझे / हमें निविदा की समस्त शर्तें मान्य एवं स्वीकार है। मैं/हम प्रमाणित करते है कि निविदा की समस्त शर्तों के अनुसार पुस्तकें प्रदान करने हेतु तैयार है।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2019

प्रपत्र ए–4

वित्तीय निविदा

| फर्म का नाम | |
|---|---|

| क्रं. | | विवरण | छपे हुए मूल्य पर दी जाने वाली छूट की दर प्रतिशत में (Discount rate in %) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | शब्दों में % | अंकों में | % |
| 1 | भारतीय प्रकाशन | पुस्तकें / शोध ग्रन्थ / संदर्भ ग्रन्थ आदि | | | |
| | | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी Science & Technology | | | % |
| | | कानून Law | | | % |
| | पेपर बाउन्ड | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce | | | % |
| | | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, other | | | % |
| | | | | | |
| | | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी Science & Technology | | | % |
| | हार्ड बाउन्ड | कानून Law | | | % |
| | | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce | | | % |
| | | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, other | | | % |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | विदेशी प्रकाशन | पुस्तकें / शोध ग्रन्थ / संदर्भ ग्रन्थ आदि | | | |
| | | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी Science & Technology | | | % |
| | | कानून Law | | | % |
| | पेपर बाउन्ड | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce | | | % |
| | | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, other | | | % |
| | | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी Science & Technology | | | % |
| | हार्ड बाउन्ड | कानून Law | | | % |
| | | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce | | | % |
| | | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, other | | | % |
| 3 | | शासकीय/सोसायटी/इन्स्टीट्यूशनल/एन.जी.ओ. आदि पब्लिकेशन | | | % |

| | |
|---|---|
| कर का नाम एवं दर | |
| कर का नाम एवं दर | |
| कर का नाम एवं दर | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल